**आकाशवाणी शिमला**

**27.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से विकसित भारत प्रश्नोत्तरी में भाग लेने का किया आग्रह।**
- **प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 से 21 दिसंबर तक धर्मशाला के तपोवन में होगा आयोजित– सत्र में कुल 4 बैठकें होंगी।**
- **नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार के 2 साल के कार्यकाल को बताया निराशाजनक, कहा– सरकार ने हिमाचल को 20 साल पीछे धकेला।**
- **प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी– कई स्थानों पर रबी फसल की बुआई प्रभावित।**

**भारत प्रश्नोतरी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से विकसित भारत प्रश्नोत्तरी में भाग लेने का आग्रह किया है, ताकि वे ऐतिहासिक विकसित भारत युवा नेता संवाद का हिस्सा बन सकें। विकसित भारत प्रश्नोत्तरी चार चरणों वाली प्रतियोगिता है, जिसमें युवाओं को भाग लेने और अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस की शुरुआत 25 नवंबर से हुई है और यह 5 दिसम्बर तक चलेगी। यह प्रतियोगिता 15 से 29 वर्ष की आयु के सभी व्यक्तियों के लिए खुली है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह युवाओं का एक महत्वपूर्ण योगदान होगा, जिसके जरिए वे विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह युवाओं के अभिनव विचारों को सरकार के शीर्ष स्तर तक पहुंचाने का विशेष अवसर है।

**विधानसभा सत्र**

प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 से 21 दिसंबर तक धर्मशाला स्थित तपोवन में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि इस सत्र में कुल 4 बैठकें आयोजित की जाएँगी और यह वर्तमान सरकार का सातवां सत्र होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के सत्र आयोजन के प्रस्ताव को राज्यपाल की संस्तुति के लिए भेज दिया गया है और जल्द ही इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी। कुलदीप पठानिया ने कहा कि तपोवन में आयोजित होने वाले शीतकालीन सत्र की तैयारियों के लिए ज़िला प्रशासन को दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार लोगों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ व किफायती स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दे रही है। शिमला में आज विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। शांडिल ने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वास्थ्य संस्थानों को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में स्तरोन्नत किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक संस्थान में 6 विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि अभी तक करीब 49 आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में 4 से 6 विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक मज़बूत करने पर बल देते हुए कहा कि ओरल हैल्थ स्वास्थ्य देखभाल का महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में हज़ारों पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू की है।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों के गांवों तक सड़क, पेयजल और विद्युत की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वे आज धर्मशाला में पांगी व भरमौर के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जगत सिंह नेगी ने कहा कि आज़ादी के बाद ये पहली बार हो रहा है कि 2 वर्ष के भीतर कांगड़ा ज़िला का दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल सड़क सुविधा से जुड़ जाएगा। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरंग निर्माण की संभावनाएं तलाशने को भी कहा। जगत सिंह नेगी ने पांगी व भरमौर में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कच्ची सड़कों को पक्का करने और नई सड़कों की डीपीआर तैयार करने के निर्देश भी दिए।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने पिछले 2 वर्षों के कार्यकाल के दौरान गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने आज शिमला स्थित राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कुल बजट का 20 प्रतिशत शिक्षा क्षेत्र में खर्च किया जा रहा है, ताकि हर बच्चे को बेहतर व गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध हो सके। उन्होंने स्कूल के सभी शिक्षकों से दिसंबर में आयोजित किए जा रहे परख कार्यक्रम के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान भी किया।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को नई दिल्ली में भारतीय वाणिज्य व उद्योग महासंघ की सांसदों के फोरम की उद्घाटन बैठक में भारत–जर्मनी सांसदों के फोरम का अध्यक्ष चुना गया है। फिक्की भारत के व्यापारिक संगठनों का संघ है। ये संगठन भारतीय उद्योग, नीति निर्माताओं और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समुदाय के लिए प्रथम संपर्क केंद्र है।

**जयराम ठाकुर**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सुक्खू सरकार का दो साल का कार्यकाल निराशाजनक रहा है और प्रदेश में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं। शिमला में आज पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल फॉर सेल शुरू कर दिया है और पर्यटन विकास निगम के होटलों को बेचने की साजिश रची जा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने पूछा है कि कांग्रेस सरकार ने एक भी गारंटी पूरी नहीं की है, फिर किस बात का जश्न मनाने की बात कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि दो साल के कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने हिमाचल को 20 साल पीछे धकेल दिया है और सुक्खू सरकार प्रदेश की सबसे निकम्मी सरकार साबित हुई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस गुटों में बंटी हुई है और सरकार व संगठन में तालमेल की कमी सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के 2 साल के कार्यकाल की नाकामियों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

**धूमल**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने कहा है कि राधा स्वामी सत्संग ब्यास द्वारा स्थापित व संचालित भोटा चैरिटेबल अस्पताल पिछले कई वर्षों से क्षेत्र के लोगों के उपचार व स्वास्थ्य के लिए मील पत्थर साबित हुआ है। एक बयान में उन्होंने कहा कि ये अस्पताल भोटा व इसके आसपास के 15 किलोमीटर के दायरे में लगभग 3 लाख से अधिक की आबादी को चिकित्सा सुविधा

उपलब्ध करवा रहा है। धूमल ने कहा कि इस संस्थान का बंद होना चिंता का विषय है और प्रदेश सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार को इस अस्पताल के सुचारू संचालन के लिए उचित व्यवस्था करने का सुझाव भी दिया।

## मौसम

प्रदेश में बीते लगभग 2 महीने से वर्षा न होने से शुष्क ठंड बढ़ गई है और कई स्थानों पर तापमान में गिरावट के चलते लोगों को सुबह–शाम कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। वर्षा न होने पर सूखे की स्थिति बन गई है और प्रदेश के  कई क्षेत्रों में किसान अभी तक रबी फसलों की बुआई नहीं कर पाए हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना और मंडी ज़िलों के कुछ स्थानों पर सुबह–शाम घना कोहरा छाए रहने का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 30 नवंबर से राज्य के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी या वर्षा की संभावना जताई है।

## प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने आज शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश के सभी ज़िलों के चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के कर्मठ नेताओं व कार्यकर्ताओं की भावनाओं को सम्मान देने पर बल दिया। प्रतिभा सिंह ने ज़िला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के गठन को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि संगठन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सहित युवाओं, अग्रणी संगठनों के कार्यकर्ताओं और महिलाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व प्रदेश मामलों के सह–प्रभारी चेतन चौहान ने सभी ज़िला पर्यवेक्षकों से अपना दायित्व सही ढंग से पूरा करने व इसकी रिपोर्ट जल्द देने का आह्वान किया।

## सांस्कृतिक प्रदर्शनी

भारत और बहरीन साम्राज्य के बीच मैत्री, सांस्कृतिक संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बहरीन के भारतीय दूतावास में 2 महीने के लिए सांस्कृतिक प्रदर्शनी व संगीत कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई। बहरीन में भारतीय राजदूत विनोद जैकब ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय कला, संस्कृति और पर्यटन को पूरे विश्व में पहुंचाने की आवश्यकता है। बहरीन में हिमाचली समुदाय के प्रतिनिधियों रमण शर्मा और निगम शर्मा ने बताया कि वन डिस्ट्रिक्ट– वन प्रोडक्ट कार्यक्रम की श्रृंखला के तहत शुरू हुए इस कार्यक्रम में हिमाचली संस्कृति, उत्पाद, परिधान और खान–पान सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों के छायाचित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। रमण शर्मा ने बताया कि जनवरी 2025 के तीसरे सप्ताह में हिमाचल सांस्कृतिक दल सारेगामा संगीत अकादमी नादौन के तहत प्रतिष्ठित कलाकार बहरीन का दौरा कर हिमाचली लोकनृत्य व लोकगीतों के प्रदर्शन सहित शास्त्रीय संगीत व भजन संध्याओं में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। अकादमी के प्रबंधक अजय डोगरा और दल प्रभारी सुरेश शर्मा ने बताया कि ये प्रत्येक हिमाचली के लिए गर्व का क्षण है और बहरीन में रह रहे भारतीय विशेषकर हिमाचली समुदाय के लोग इन कार्यक्रमों को लेकर बेहद उत्सुक हैं।

---

================================================================